# प्यारे राधा वल्लभ लाल तिहारी चरणन की बलिहारी

तेरा सुंदर रूप सलोना,
अखियन में जादू टोना,
कई नजर नहीं लग जाए,
तिहारी चरणन की बलिहारी,
प्यारे राधा वल्लभ लाल,
तिहारी चरणन की बलिहारी।bd।

---

अधरों पे मुस्कान भरी,
नैनो में मस्ती छाई,
प्यारें सुंदरता के सागर हो तुम,
चाँद तेरी परछाई,
तू है खुशियों भरा खजाना,
दिल हो जाए तेरा दीवाना,
तुझे देखे जो इक बार,
तिहारी चरणन की बलिहारी,
प्यारें राधा वल्लभ लाल,
तिहारी चरणन की बलिहारी।bd।

---

अद्भुत दिव्य श्रृंगार तेरा,
नव यौवन श्याम कलेवर,
श्री राधा जु संग नित्य विराजो,
मन मंदिर के अंदर,
है ये अभिलाषा मन में,
बस जाओ इन नैनन में,
करदो इतना उपकार,
तिहारी चरणन की बलिहारी,
प्यारें राधा वल्लभ लाल,
तिहारी चरणन की बलिहारी।bd।

---

तुम संग मेरे नैन लड़े,
कोई और ना मन को भाये,
मेरे मन की वीणा प्यारें,
गीत तेरे ही गाये,
फिर क्यों शरमाऊँ मैं जग से,
कहूं भुजा उठा के सबसे,
तुम सुन लो मेरी पुकार,
तिहारी चरणन की बलिहारी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना किसी रुकावट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरा सूंदर रूप सलोना,
अखियन में जादू टोना,
कई नजर नहीं लग जाए,
तिहारी चरणन की बलिहारी,
प्यारे राधा वल्लभ लाल,
तिहारी चरणन की बलिहारी।bd।

**Singer – Brijrasik Pt. Vinod Sharma Ji**
**7895192859**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com